**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**23 जून** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- लखनऊ में बहुमंजिला इमारत में चल रहे कोचिंग और एनिमेशन सेंटर में आग लगने से पन्द्रह छात्रों की मौत। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर घटना की जांच शुरू। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार आरोपियों को किया गिरफ्तार।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह ने हादसे पर जताया दुख। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया घटना स्थल का जायजा, घायलों से की मुलाकात।
- मुख्यमंत्री ने फिरोजाबाद और अलीगढ़ में विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ। कहा– नवाचार का नया केन्द्र बना है फिरोजाबाद का ग्लास उद्योग।
- केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के अनुरोध पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कासगंज–लखनऊ एक्सप्रेस ट्रेन को दी मंजूरी।

**********

लखनऊ के अलीगंज इलाके में कल दोपहर बाद एक बहुमंजिला इमारत में चल रहे कोचिंग और एनिमेशन सेंटर में आग लगने से पन्द्रह छात्रों की मृत्यु हो गई, जबकि अन्य कई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इस हादसे की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ दौरा छोड़कर लखनऊ आए और सीधे घटना स्थल पर जाकर स्थिति की जानकारी ली और बाद में केजीएमयू जाकर घायलों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने पूरे मामले पर पुलिस महानिदेशक और अपर मुख्य सचिव गृह को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। एक रिपोर्ट–

**आग इमारत में अंदर से लगी और तेजी से फैल गई जिससे लोग अंदर ही फंस गए। इस इमारत में एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स था जिसमें कोचिंग सेंटर, गेम जोन और शोरूम थे। फायर ब्रिगेड, पुलिसकर्मी, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव और राहत अभियान शुरू किया। कुछ लोगों ने पहली मंजिल से कूदकर अपनी जान बचाने की भी कोशिश की। बचाव दल दीवार तोड़कर इमारत में दाखिल हुआ और लोगों को बाहर निकालने में भी कामयाब रहा। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि राज्य के डीजीपी और अपर मुख्य सचिव गृह की उच्च स्तरीय समिति मामले की जांच करेगी और आग लगने के कारणों का पता लगाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। अलीगढ़ और फिरोजाबाद जिलों का अपना दौरा अधूरा छोड़कर लखनऊ लौटे मुख्यमंत्री ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल में घायलों से भी मुलाकात की। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी देर रात लखनऊ पहुंचे। घटना स्थल का जायजा लेने के बाद उन्होंने केजीएमयू जाकर घायलों से मुलाकात की और उनका हाल चाल जाना। रक्षामंत्री ने घटना को दुखःद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि मामले की जांच कराकर जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने घटना की जांच के लिए दो सदस्यीय जांच दल बनाया है। वहीं सरकार ने लखनऊ विकास प्राधिकरण, अग्निशमन विभाग और विद्युत विभाग के चार अफसरों को निलंबित कर दिया है। मामले को लेकर पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर राम कृष्ण उपाध्याय, विरेन्द्र प्रताप शुक्ला, तुषाक कृष्ण जायसवाल और सुरेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, बसपा प्रमुख मायावती सहित कई मंत्रियों ने लखनऊ के इस अग्निकांड को दुखःद बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को पचास–पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मृतकों के परिजनों को पांच–पांच लाख और घायलों के लिए पचास–पचास हजार रूपये की आर्थिक सहायता देने की घोषण की है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल फिरोजाबाद में छह सौ अट्ठावन करोड़ रूपए से अधिक की इक्यासी और अलीगढ़ में चार सौ बासठ करोड़ रूपए की पचासी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के लाभार्थियों को चाभी और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र, चेक तथा उपकरण वितरित किये। मुख्यमंत्री ने फिरोजाबाद के उद्यमियों और श्रमिकों की सराहना करते हुए कहा कि फिरोजाबाद का ग्लास उद्योग नवाचार का एक नया केंद्र बना है, इसने चीन को पछाड़ दिया है।

***जब भी सनातन धर्म के अंदर बात होती है, हर सनातन धर्मावलंबी फिरोजाबाद की चूड़ियों की ओर देखता है और सुहाग की इस नगरी को आज यहां का कारीगर यहां का उद्यमी एक नई ऊंचाई दे रहा है। मैं उन्हें आश्वस्त करता हूं, यह डबल इंजन की सरकार उनके साथ मिलकर के कार्य करेगी, उन्हें हर प्रकार से प्रोत्साहन उपलब्ध करवाएगी।***

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नागरिक अलंकरण वर्ष दो हजार छब्बीस के दूसरे समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। आज के समारोह में दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और उत्तर प्रदेश की चार हस्तियों समेत छप्पन विभूतियों को पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा। एक रिपोर्ट.....

**उत्तर प्रदेश की जिन 4 हस्तियों को पद्म श्री मिलेगा, उनमें कला के क्षेत्र से अनिल कुमार रस्तोगी और चिरंजी लाल यादव, शिक्षा के क्षेत्र से मंगला कपूर के नाम शामिल है, जबकि कृषि के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए मुरादाबाद के रहने वाले रघुपत सिंह को मरणोपरांत ये सम्मान दिया जाएगा। इससे पहले पिछले महीने 25 मई को श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित पहले नागरिक अलंकरण समारोह में 66 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे। इस वर्ष राष्ट्रपति ने पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कारों सहित कुल 131 पद्म पुरस्कारों को स्वीकृति दी है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।**

**********

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि दो हजार सैंतालिस तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने में वस्त्र मंत्रालय बड़ा योगदान निभायेगा। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कल गाजियाबाद स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान–निट्रा के बावनवें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संस्थान की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री पवित्र मार्गरीट भी उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि आज भारत प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के साथ ही अन्य देशों की जरूरतों को पूरा कर रहा है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार अनुसंधान पर जोर देने के साथ ही स्टार्टअप को भी प्रोत्साहन दे रही हैं, जिसमें निट्रा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

***2.5 लाख स्टार्टअप हो गए। हर सेक्टर में है। कोई ऐसा सेक्टर नहीं है जिसमें स्टार्टअप नहीं है। कभी पंजाब का पराली लोगों के लिए एक समस्या थी। चाहे सीबीजी प्लांट लगे, चाहे निट्रा उसे फाइबर में परिवर्तित कर दे पराली।***

**********

पीलीभीत के सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के अनुरोध पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कासगंज–लखनऊ एक्सप्रेस ट्रेन को मंज़ूरी दे दी है। मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि इस नई ट्रेन के चल जाने से पीलीभीत के साथ लखीमपुर खीरी, सीतापुर सहित सम्पूर्ण तराई क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन बदायूं, बरेली, इज्ज़तनगर, पीलीभीत, पूरनपुर, मैलानी, गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर, सीतापुर, सिधौली, मोहिबुल्लापुर होते हुए पीलीभीत को राजधानी लखनऊ से जोड़ेगी। श्री प्रसाद ने प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इस ट्रेन के संचालन से यहां का कार्य व्यापार और पर्यटन भी बढ़ेगा।

**********

प्रदेश में गर्मी का प्रकोप जारी है। वहीं गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर और बस्ती समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कल दोपहर बाद गरज चमक के साथ हुई हल्की बारिश से लोगों को थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों में देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर और बलरामपुर समेत कई जिलों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

**********